Patrika (Indore), 16th January 2020, Patrika Plus, Page-15

IIT INDORE...

# 7 फरवरी से जैव विज्ञान पर होगा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

पत्रिका PLUS रिपोर्टर

इंदौर◆ भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर में 7 से 9 फरवरी तक जैव-विज्ञान एवं जैव-चिकित्सा पर अंतरराष्ट्री सम्मलेन का आयोजन किया जाएगा। सम्मलेन में 10 अंतरराष्ट्रीय और 14 राष्ट्रीय वक्ता भाग लेंगे। सम्मेलन अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर के प्रमुख विशेषज्ञों के साथ अपने विचार साझा करने के लिए मंच प्रदान करेगा।

सम्मलेन का मुख्य उद्देश्य शोधकर्ताओं, अध्यापकों, उद्योग जगत के विशेषज्ञों को एक साथ लाना और जैव-विज्ञान व जैव-चिकित्सा के अन्तःविषयी क्षेत्रों में वर्तमान में आई प्रगति पर चर्चा व प्रश्नों का समाधान करना है। सम्मलेन में भाग के लिए आइआइटी इंदौर ने छात्रों, शोधकर्ताओं और युवा अध्यापकों को आमंत्रित किया है। इसमें उन्हें मौखिक प्रस्तुति देने का मौका मिलेगा। सम्मलेन में पोस्टर और प्रदर्शनियों का भी आयोजन होगा।